C M Y K

Web: www.uttaranchaldeep.com Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में गुरूवार
सायं 7:12 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में शुक्रवार
सुबह 5:15 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी वर्ष 17 अंक 20 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. गुरुवार, 3 जुलाई 2025

एक्ट्रेस ने प्रियंका की फिल्म `हेड्स...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### सड़क हादसे में कंपनी के फिटर की मौत

**रुद्रपुर।** थाना पंतनगर क्षेत्र में स्कूटी सवार की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी भिजवा दिया। आज सुबह पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेजा है। परिवार के भी पहुंच गए। पुलिस के मुताबिक लालकुआं बिंदुखत्ता निवासी 42 वर्षीय गोविंद सिंह बिष्ट पुत्र स्व.राम सिंह सिडकुल की किसी कंपनी में फिटर पद पर कार्यरत थे और बुधवार रात कंपनी से घर जा रहे। बताया जा रहा कि करीब 11 बजे फ्लाईओवर के पास स्कूटी दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इससे गोविंद सड़क किनारे लगे डिवाइडर गिर गए और घायल हो गए। सूचना पर सब इंस्पेक्टर अशोक कुमार मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी भिजवा दिया। प्रभारी निरीक्षक सुंदरम शर्मा ने बताया कि गुरुवार सुबह शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। हादसा कैसे हुआ है, पुलिस जांच कर रही है। उन्होंने बताया कि मृतक सिडकुल की किसी कंपनी में फिटर पद पर कार्यरत था। इधर हादसे की जानकारी मिलने पर परिवार के लोग पहुंचे। परिजनों का रो रो कर बुरा हाल। मृतक की एक बच्चा बताया जा रहा है।

### वनभूलपुरा से दो किशोरियां लापता

**हल्द्वानी।** कोतवाली क्षेत्र और वनभूलपुरा से दो किशोरियां लापता हो गईं। राजपुरा नई बस्ती वार्ड-13 निवासी व्यक्ति ने कहा कि उसकी बेटी एक जुलाई को दोपहर से लापता है। उसका कोई सुराग नहीं लग सका है। वहीं दूसरे मामले में जवाहर नगर वनभूलपुरा की रहने वाली 15 साल की किशोरी भी अज्ञात परिस्थितियों में लापता हो गई। दोनों के परिजनों ने रिश्तेदारी से लेकर आसपास खोजबीन की लेकिन उनका पता नहीं लग सका। पुलिस ने परिजनों की तहरीर पर गुमशुदगी दर्ज कर खोजबीन शुरू कर दी है। कोतवाल राजेश यादव ने बताया कि शीघ्र दोनों किशोरियों को बरामद कर लिया जाएगा।

## दिल्ली के उद्योगपति महेन्द्र बद्रीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति के सदस्य बने

नैनीताल
हमारे संवाददाता

उत्तराखंड देश के करोड़ों लोगों की आस्था के प्रतीक उत्तराखंड के चारधाम — बद्रीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री — हर साल लाखों श्रद्धालुओं को अपनी ओर आकर्षित करते हैं। इन पवित्र स्थलों की व्यवस्था और देखरेख का जिम्मा बद्रीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति के पास होता है। अब इसी समिति में दिल्ली के जाने-माने उद्योगपति और समाजसेवी महेन्द्र शर्मा को सदस्य बनाया गया है। उत्तराखंड सरकार के सचिव शैलेश बगोली द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, राज्य मंत्री



हेमंत त्रिवेदी की अध्यक्षता में 10 सदस्यीय समिति का गठन किया गया है। इसमें महेन्द्र शर्मा हिमाचल प्रदेश से अकेले सदस्य हैं, जबकि बाकी 9 सदस्य उत्तराखंड से हैं।

महेन्द्र शर्मा ने बताया कि बद्रीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति चारधाम यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं के रहने, ठहरने और दर्शन की सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करती है। हर साल औसतन 50 लाख श्रद्धालु इन पवित्र धामों में पहुंचते हैं। इस साल यात्रा शुरू होने से लेकर 31 मई तक रिकॉर्ड 16 लाख श्रद्धालु दर्शन कर चुके हैं। इसमें सबसे ज्यादा 6.5 लाख श्रद्धालु केदारनाथ धाम पहुंचे हैं। इस बार 2 मई से शुरू हुई यात्रा में देश-विदेश से रोजाना औसतन 60 हजार श्रद्धालु चारधाम के दर्शन कर रहे हैं। मंदिर समिति स्थानीय तीर्थपुरोहितों, व्यापारियों और अन्य सभी लोगों के सहयोग से यात्रा को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाती है।

### 20 धर्मशालाओं की देख रेख भी करती है समिति

महेन्द्र शर्मा ने बताया कि मंदिर समिति संस्कृत भाषा के प्रचार-प्रसार के लिए सात संस्कृत विद्यालय भी चलाती है। यहां छात्रों को फ्री हॉस्टल और स्कॉलरशिप की सुविधा दी जाती है। इसके अलावा गुप्तकाशी में स्थित आयुर्वेदिक फार्मेसी विद्यालय का भी संचालन समिति द्वारा किया जाता है। मंदिर समिति बद्रीनाथ और केदारनाथ मार्ग पर स्थित 45 अन्य मंदिरों और 20 धर्मशालाओं की भी देखरेख करती है।

### शीतकालीन चारधाम यात्रा की तैयारी

उन्होंने कहा कि उत्तराखंड सरकार अब शीतकालीन चारधाम यात्रा को बढ़ावा देने की दिशा में तेजी से काम कर रही है। सरकार चाहती है कि श्रद्धालु सर्दियों में भी बद्रीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री के दर्शन कर सकें। इसके लिए सरकारी और निजी गेस्ट हाउस के किराए में हर साल छूट दी जाती है। इससे श्रद्धालुओं को सुविधा मिलती है और स्थानीय लोगों को रोजगार के नए मौके भी मिलते हैं।

यूपी कैबिनेट का अहम फैसला

## मंजूरीः जेपीएनआईसी का संचालन करेगा लखनऊ विकास प्राधिकरण

लखनऊ
एजेंसी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में बृहस्पतिवार को हुई कैबिनेट बैठक में 30 प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। बैठक के बाद प्रदेश सरकार के मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने फैसलों की जानकारी दी।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में अहम फैसला लेते हुए जेपीएनआईसी के संचालन की जिम्मेदारी लखनऊ विकास प्राधिकरण को सौंप दी गई। लोकभवन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में बृहस्पतिवार को हुई कैबिनेट बैठक में 30 प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। बैठक के बाद मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने जानकारी देते हुए कहा कि बैठक में आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे को पूर्वांचल एक्सप्रेसवे से जोड़ने के लिए नए लिंक एक्सप्रेसवे को मंजूरी दे दी गई है।

**बैठक में इन प्रस्तावों को दी गई मंजूरी :** बैठक में बुंदेलखंड इंडस्ट्रियल डेवलमेंट अथॉरिटी एरिया रेगुलेशन 2025 को मंजूरी दी, औद्योगिक निवेश एवं रोजगार प्रोत्साहन नीति - 2022 के



अंतर्गत उच्च स्तरीय प्राधिकृत समिति की दिनांक 20 मार्च, 2025 एवं 27 मार्च 2025 को सम्पन्न बैठक में की गई संस्तुतियों का अनुमोदन किया गया, उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन के गठन को मंजूरी, उत्तर प्रदेश विकास प्राधिकरण भवन निर्माण एवं विकास उपविधियां तथा आदर्श जोनिंग रेगुलेशंस - 2025 लागू करने को मंजूरी, राज्य सरकार की समेकित वित्तीय प्रणाली प्रबंध प्रणाली (इंटीग्रेटेड फाइनेंशियल मैनेजमेंट सिस्टम - इफ्म्स)के उन्नयन हेतु इलेक्ट्रिनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय भारत सरकार के वैज्ञानिक संस्था-सेंटर फार डेवलपमेंट आफ एडवान्स कम्प्यूटिंग को नामांकन के आधार पर अनुबंधित किए जाने को मंजूरी, यूपी में निजी क्षेत्र के अंतर्गत डॉ. के एन मोदी विश्वविद्यालय, मोदीनगर, गाजियाबाद की स्थापना को मंजूरी, उत्तर प्रदेश उच्चतर न्यायिक सेवा नियमावली 1975 में संशोधन को मंजूरी, उत्तर प्रदेश ग्राम विकास अधिकारी सेवा नियमावली 2025 को मंजूरी, उत्तर प्रदेश पशुपालन विभाग वेटनरी फार्मासिस्ट सेवा नियमावली 2025 को मंजूरी, उत्तर प्रदेश भाषा संस्थान के कार्मिकों की सेवानिवृत्ति आयु 58 वर्ष से बढ़ाकर 60 वर्ष करने की मंजूरी।

## भारत में फिर बैन पाकिस्तानी कलाकारों के इंस्टा अकाउंट

नई दिल्ली
एजेंसी

दो महीने बैन के बाद अचानक भारत में सबा कमर और मावरा होकेन समेत कई पाकिस्तानी कलाकारों के इंस्टाग्राम अकाउंट फिर से शो होने पर हर कोई हैरान था। लेकिन अब इन अकाउंट्स पर फिर से एक्शन हुआ है।

अप्रैल में हुए पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत में पाकिस्तानी कलाकारों के इंस्टाग्राम अकाउंट बैन कर दिए गए थे। जिसके चलते इन कलाकारों के अकाउंट्स भारत में दिखने बंद हो गए थे। लेकिन बीते दिन पाकिस्तानी अभिनेत्री सबा कमर और मावरा होकेन के इंस्टाग्राम अकाउंट भारत में फिर से दिखने लगे थे। जिसके बाद कई तरह के सवाल भी खड़े हुए थे। लेकिन अब इन कलाकारों के इंस्टाग्राम अकाउंट्स को लेकर एक नई अपडेट सामने आई है। बीते दो महीने से पाकिस्तानी कलाकारों के इंस्टाग्राम अकाउंट्स भारत में बैन होने के बाद बीते दिन कुछ कलाकारों के अकाउंट्स फिर से अचानक भारत में शो होने लगे थे। इनमें सबा कमर, मावरा होकेन, अहद रजा मीर और युमना जैदी जैसे कलाकारों के नाम शामिल थे। अचानक इन कलाकारों के अकाउंट्स भारत में फिर से एक्टिव होने से हर कोई हैरान था। लेकिन अब एक दिन बाद ही जिन कलाकारों के अकाउंट्स



फिर से दिखने लगे थे, वो अब फिर दिखना बंद हो गए हैं। एक दिन बाद ही मावरा होकेन और सबा कमर के इंस्टाग्राम अकाउंट फिर से भारत में नहीं दिख रहे हैं।

सिर्फ एक दिन के बाद ही इन कलाकारों के अकाउंट्स फिर से भारत में बैन होने पर, अब हर किसी के मन में सिर्फ ये ही सवाल उठ रहा है कि आखिर एक दिन के लिए ही अचानक ये अकाउंट्स क्यों शो होने लगे थे। क्या ये कोई गलती थी या फिर अकाउंट्स शो होने के बाद उठी आवाजें और लोगों के रिएक्शन के बाद फिर से इन अकाउंट्स को बैन कर दिया गया। इन दिनों दिलजीत दोसांझ की पंजाबी फिल्म 'सरदार जी 3' में पाकिस्तानी अभिनेत्री हानिया आमिर के होने पर विवाद चल रहा है। हालांकि, फिल्म को भारत में रिलीज नहीं किया गया है। लेकिन ओवरसीज रिलीज होने पर भी भारत में इसको लेकर विरोध हो रहा है।

## 650 करोड़ रूपये के एलयूसीसी घोटाले की जांच स्पष्ट करे सीबीआई

नैनीताल
हमारे संवाददाता

हाईकोर्ट ने 650 करोड़ रूपये के एलयूसीसी घोटाले की जांच सीबीआई से कराने के मामले में सीबीआई से स्थिति स्पष्ट करने को कहा है।

बता दें ऋषिकेश निवासी आशुतोष की याचिका पर मुख्य न्यायाधीश जी0 नरेन्द्र और न्यायमूर्ति आलोक महरा की युगलपीठ में सुनवाई हुई। याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया कि एलयूसीसी की ओर से वर्ष 2021 से वर्ष 2024 के बीच उत्तराखंड में 0650 करोड़ रूपये का घोटाला किया गया है। यह आंकड़ा और अधिक हो सकता है। लोगों को तरह तरह के सपने दिखाकर पैसा जमा कराया गया और उसके बाद कंपनी भाग गयी। एलयूसीसी के खिलाफ पौड़ी जिले में 14 मामले दर्ज हैं। पौड़ी पुलिस इस मामले की जांच कर रही है। दो अन्य राज्यों में एलयूसीसी का जाल फैला था और घोटाला को को अंजाम दिया गया है। घोटाला का मास्टर माइंड और एलयूसीसी कंपनी का मालिक समीर अग्रवाल गिरफ्तारी के डर से देश छोड़ कर दुबई भाग गया था। याचिकाकर्ता की सीबीआई जांच के मामले में अदालत ने सीबीआई से एक सप्ताह में स्थिति स्पष्ट करने को कहा है,यही नहीं अदालत ने पौड़ी के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) को मामले की प्रगति रिपोर्ट अदालत में पेश करने को कहा है। खंडपीठ ने केन्द्रीय कोआपरेटिव सोसाइटी के रजिस्ट्रार को भी नोटिस जारी किया है।

## यात्रियों से ठगी करने वाले 'लिफाफा गैंग' के मास्टरमाइंड सहित तीन सदस्य गिरफ्तार

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

नगर में लगातार हो रही ठगी और चोरी की घटनाओं पर शिकंजा कसते हुए नैनीताल पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। रोडवेज स्टेशन क्षेत्र में यात्रियों से ठगी करने वाले 'लिफाफा गैंग' के मास्टरमाइंड सहित तीन सदस्यों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। वहीं दूसरी ओर लालकुआं में घर में ताला तोड़कर की गई चोरी का भी खुलासा करते हुए दो शातिर चोरों को दबोचा गया है।

एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा के निर्देशन में गठित स्पेशल टीम ने हल्द्वानी रोडवेज स्टेशन के पास एक शातिर गिरोह का भंडाफोड़ किया है। यह गैंग यात्रियों को गाड़ी में बैठाकर खुद को सुरक्षा एजेंसी का व्यक्ति



बताता था। चेकिंग के नाम पर यात्रियों को नकदी लिफाफे में रखने के लिए कहा जाता था, और फिर बड़ी चालाकी से वह लिफाफा बदल दिया जाता था। शिकार को सुनसान जगह पर उतारकर गिरोह फरार हो जाता था। पुलिस ने गिरोह के सरगना राम कृपाल सहित संताराम और श्रीनाथ उर्फ श्रीराम को गिरफ्तार किया है। तीनों आरोपी उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर जिले के रहने वाले हैं। पुलिस ने उनके कब्जे से ठगी में इस्तेमाल की गई कार, नकदी, कपड़ों से भरा बैग और कई लिफाफे बरामद किए हैं। वहीं लालकुआं क्षेत्र में दिनदहाड़े एक घर का ताला तोड़कर सोने-चांदी के जेवर चुराने वाले दो आरोपियों को भी पुलिस ने पकड़ लिया है। नाहिद खान और नूरुद्दीन नामक ये आरोपी चोरी का सामान बेचने के इरादे से हल्दुचौड़ क्षेत्र में घूम रहे थे, तभी पुलिस ने उन्हें दबोच लिया। नाहिद खान के खिलाफ उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश में एनडीपीएस, गैंगस्टर एक्ट और आर्म्स एक्ट जैसे गंभीर धाराओं में दर्जनों मुकदमे दर्ज हैं। तलाशी में एक अवैध तमंचा, जिंदा कारतूस और बिना नंबर की मोटरसाइकिल भी बरामद की गई।

### कार्रवाई

- तमंचा, जिंदा कारतूस और मोटरसाइकिल भी बरामद

# शांति भंग में एक महिला समेत चार गिरफ्तार



रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

थाना ट्रांजिट कैंप क्षेत्र में आपस में झगड़ा कर शांति व्यवस्था भंग करने में पुलिस ने एक महिला समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने चारों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की। पुलिस के मुताबिक क्षेत्राधिकारी रुद्रपुर के दिशा-निर्देशन मे प्रभारी निरीक्षक के नेतृत्व मे थाना ट्रांजिट कैंप पुलिस त्रिस्तरीय पंचायत निवार्चन के दृष्टिगत शान्ति व्यवस्था को क्षेत्र में घूम रहे।

इसी बीच पुलिस को सूचना मिली कि विवेक नगर में दंपति घर में झगड़ा कर रहे। सूचना पर एसआई मोहम्मद अकरम टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने दंपति को हिरासत में लिया और थाने ले जाया गया। एसएसआई महेश कांडपाल ने बताया कि दंपति के खिलाफ शांति भंग के आरोप में कार्रवाई की गई। गिरफ्तार किए गए कान्ता प्रसाद पुत्र डोरी लाल निवासी विवेकनगर वार्ड 9 थाना ट्रांजिट कंप और उसकी पत्नी सुखदेई। इसके अलावा दलवीर राठौर पुत्र विरेन्द्र राठौर निवासी कृष्णा कलोनी ट्रांजिट कैंप और इन्द्रपाल राठौर पुत्र विरेन्द्र राठौर है। उन्होंने बताया कि सभी एक दूसरे से रंजीश रखते है। आगामी त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निवार्चन 2025 के चलते आदर्श आचार संहीता का उल्घन में कार्रवाई की गई। गिरफ्तार करने वाले पुलिस अधिकारी एसआई अकरम अहमद, एएसआई नम्रता रावत,गंगा बिष्ट,धर्मेन्द्र कुमार, संजय भट्ट आदि शामिल रहे।

## NEWS / फटाफट

### छात्रों को ट्रैकसूट वितरित किए



**नैनीताल ।** पर्यटक नगरी नैनीताल में गुरुवार डीएसए खेल मैदान में नैनीताल क्षेत्र विधायक सरिता आर्या के सहयोग से नैनीताल हॉकी एकादमी ने शहर के दो दर्जन से अधिक विभिन्न विद्यालय के छात्रों को ट्रेकसूट वितरित किए। इस मौके पर नैनीताल नगर पालिका की पालिका अध्यक्ष डॉ सरस्वती खेतवाल ने छात्र को ट्रेकसूट दिए। इस मौके पर नैनीताल हॉकी अकादमी के अध्यक्ष व सभासद मुकेश जोशी मंटू तथ पूर्व ओलपियन राजेंद्र सिह रावत, मनोज लाल शाह, भुवन बिष्ट, नरेंद्र बिष्ट, आशु बोरा, चंद्र प्रकाश शाह, भगवद मेर अनिल, मनीष मोहित लाल शाह आदि मौजूद थे। जल्दी विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं को ट्रेक सूट वितरित किए जाएंगे।

### स्नातक रजिस्ट्रेशन पोर्टल की तिथि बढ़ाने को ज्ञापन सौंपा



**नैनीताल ।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नैनीताल के नगर मंत्री चेतन बिष्ट तथा नगर सह मंत्री लोकेश वर्मा द्वारा बुधवार को कुमाऊं विवि के कुलसचिव डा.मंगल सिंह मंद्रवाल को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने कुल सचिव डा.मंद्रवाल से कहा कि स्नातक रजिस्ट्रेशन पोर्टल की तिथि 100 जुलाई 2025(वीरवार)तक बढायी जाए तथा स्नातकोत्तर रजिस्ट्रेशन पोर्टल भी जल्द खोला जाए। कहा कि कुछ दिन पहले घोषित हुए विद्यार्थियों के परिणाम में कुछ त्रुटियां आ रही थी उनमें सुधार किया जाएगा। परिषद के दोनों पदाधिकारियों के मुताबिक कुलसचिव ने आश्वासन दिया कि जल्दी ही छात्रों की समस्या हल की जाएगी जिससे विद्यार्थियों को अन्य महाविद्यालय में प्रवेश लेने हेतु दिक्कतों का सामना ना हो।

### 13वीं ज्यूडीशियल कप क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला



**नैनीताल ।** सरोवर नगरी नैनीताल में 13वीं ज्यूडीशियल कप क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला खेला गया। बता दें फाइनल मैच हाईकोर्ट आफिशियल तथा व्यापार मंडल मल्लीताल के बीच खेला गया लेकिन बारिश होने की वजह से मैच आधे में ही रद्द करना पड़ा। उसके बाद संयुकत रुप से दोनों टीमों को विजेता घोषित कर दिया गया। दोनों टीमों को बतौर मुखय अतिथि पालिकाध्यक्ष डा.सरस्वती खेतवाल ने पुरुस्कृत किया। इस मौके पर आयोजन समिति के सचिव जे.के.लखेड़ा ने दोनों टीमों को बधाई दी तथा पालिकाध्यक्ष का स्वागत किया। इस दौरान रवि प्रकाश जोशी समेत एच.एस.जीना,ललित जोशी,डीएस पटवाल समेत खेल प्रेमी मौजूद थे।



## जिला पंचायत सदस्य के लिए दूसरे दिन बिके 105 नामांकन पत्र

नैनीताल

हमारे संवाददाता

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के तहत जिला पंचायत सभागार में बुधवार को दूसरे दिन 105 नामांकन पत्रों की बिक्री हुई जबकि किसी भी प्रत्याशी की ओर से नामांकन नहीं कराया गया। बता दें मंगलवार को पहले 38 फ़ार्म बिके थे,इस प्रकार दो दिनों के भीतर कुल 142 नामांकन पत्र बिक गए हैं। इस दौरान मुखय पशु चिकित्साधिकारी डॉ.डी.सी. जोशी ने बताया कि 01जुलाई से 5 जुलाई 2025 तक नाम निर्देशन पत्रों के वितरण करने एवं 7 जुलाई से 9 जुलाई तक नामांकन पत्रों की जांच होगी। नाम वापसी की तिथि 10 तथा 11 जुलाई तथा निर्वाचन प्रतीक चिह्नों का आवंटन 14 व 18 जुलाई को किया जाएगा।कहा कि 25 जुलाई 2019 के बाद यदि किसी अभ्यर्थी की दो से अधिक जैविक बच्चे हैं तो ऐसे अभ्यर्थी चुनाव से अनर्ह होंगे साथ ही जो भी अभ्यर्थी राज्य अथवा केंद्र पोषित योजना से मानदेय लेते हों वह भी चुनाव से अनर्ह होंगे। इस दौरान नोडल अधिकारी व एसडीएम पारितोष वर्मा समेत एआरओ राजेश कुमार आर्य,दीप चंद पंत तथा लेखाकार जीएस बोहरियाल आदि मौजूद रहे।

## भीमताल में हरेले मेले की तैयारियों को लेकर विवाद

नैनीताल

हमारे संवाददाता



कुमाऊँ प्रांत के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व के भीमताल हरेले मेले की तैयारियों को लेकर विवाद गहरा गया है। स्थानीय लोग, मेला प्रेमी, वरिष्ठ नागरिक और महिला संगठन प्रशासन पर आरोप लगा रहे हैं कि मेले की हालिया बैठक में उन लोगों को शामिल नहीं किया गया, जो दशकों से इस मेले को अपनी संस्कृति, कला और प्रकृति प्रेम के साथ जीवंत रखते आए हैं। भीमताल हरेले मेला कुमाऊँ की सांस्कृतिक धरोहर का प्रतीक है, जो हरेला पर्व के साथ जुड़ा हुआ है। यह मेला प्रकृति, कृषि और सामुदायिक एकता का उत्सव है जो शताब्दी से भी अधिक समय से आयोजित होता आ रहा है। स्थानीय लोककथाओं के अनुसार इस मेले की शुरुआत क्षेत्र की समृद्ध परंपराओं को संजोने और सामाजिक एकता को बढ़ावा देने के लिए हुई थी। यह मेला स्थानीय कला, हस्तशिल्प, लोक नृत्य और संगीत के माध्यम से कुमाऊँ की संस्कृति को जीवंत करता है। यहां इस दौरान सामाजिक कार्यकर्ता पूरन बृजवासी ने जिला प्रशासन को लिखे पत्र में गहरी नाराजगी जताई है। पत्र में कहा गया है कि प्रशासन ने मेले की तैयारियों के लिए हाल ही में एक गोपनीय बैठक आयोजित की। बैठक से आसपास के दर्जनों गाँवों और मेला प्रेमियों को बाहर रखा गया, जिससे उनकी भावनाएँ आहत हुई हैं। बृजवासी ने बताया कि पहले प्रशासन मेले की तैयारियों से पहले पत्र, फोन कॉल और सार्वजनिक घोषणाओं के माध्यम से सभी को सूचित करते थे।

स्थानीय लोगों का कहना है कि हरेले मेला सभी का साझा उत्सव है न कि कुछ लोगों का निजी आयोजन। उन्होंने प्रशासन पर मेले के निजीकरण करने का आरोप लगाया है। पूरन बृजवासी ने प्रशासन से अनुरोध किया है कि मेला अधिकारी सभी हितधारकों को शामिल कर एक नई बैठक आयोजित करें और मेला टीम चयन व कार्यक्रम आदि की योजना बनाएँ।

**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

-संपादक

**पूर्व प्रधान संपादक:**
**स्व. वेदप्रकाश गुप्ता**
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
**श्रीमती आदेश अग्रवाल** द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
**संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल**
**प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल**
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

## साइबर ठगों ने बैंक से रिटायर कर्मचारी के खाते से 2.44 लाख रुपये हड़पे

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

साइबर ठगों ने बैंक से रिटायर एक कर्मचारी के खाते से 2.44 लाख रुपये हड़प लिए। बैंक के एप्लीकेशन डाउनलोड करने के दौरान ठगों ने शातिर तरीके से उनका खाता खाली किया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मामले में अज्ञात पर धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कर लिया है।

बैंक कॉलोनी, बिठौरिया-1, कुसुमखेड़ा निवासी युवक ने साइबर थाना रुद्रपुर में शिकायत दर्ज कराते हुए लिखा कि उसके पिता बैंक से रिटायर्ड कर्मी हैं। उनका सरकारी बैंक में बचत और ओडी खाता है। 16 जून को उनके पिता ने नया फोन लिया। जिसमें वह गूगल पर सर्च करके बैंक का एप्लीकेशन डाउनलोड कर रहे थे लेकिन ऐप डाउनलोड नहीं हो पाया। इतने में एक अज्ञात व्यक्ति ने अलग-अलग नंबरों से व्हाटसप पर कॉल की। ठग ने अपना नाम राहुल शर्मा बताया। कहा कि वह बैंक का कर्मचारी है। आरोप है कि ठग ने उनके पिता से कहा कि बैंक का एप्लीकेशन डाउनलोड करने के लिए व्हाट्एस ऐप पर भेजे गए लिंक में सभी जानकारी भर दें। साथ ही ओटीपी आने पर उसे शेयर करने को कहा। इतने में रिटायर्ड कर्मी को ठगी होने का शक हुआ। उन्होंने तत्काल फोन काट दिया। लेकिन शाम को रिटायर कर्मी ने देखा कि उनके मोबाइल पर अनेक ओटीपी और मैसेज धनराशि कटने के आए हुए थे। जब उन्होंने खाता चेक किया तो पता लगा कि खाते से 2.44 लाख की पूरी रकम निकल गई है। बैंक कर्मी के बेटे ने साइबर क्राइम थाना रुद्रपुर को शिकायत भेजी है। अब मामले में शिकायत ट्रांसफर होकर मुखानी थाने आई है। एसओ मुखानी दिनेश जोशी ने बताया कि अज्ञात पर मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

### मंगोली में नशा मुक्ति जागरूकता अभियान चलाया

**नैनीताल ।** जिले के पुलिस कप्तान प्रहलाद नारायण मीणा के दिशा निर्देश में बुधवार को राजकीय इंटर कॉलेज मंगोली में नशा मुक्ति जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान में मंगोली पुलिस चौकी प्रभारी विजय कुमार ने विद्यार्थियों को संबोधित किया। उन्होंने विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने और स्वस्थ जीवन शैली अपनाने की प्रेरणा दी । विद्यार्थियों को अपने क्षेत्र व परिवार को भी नशा मुक्ति अभियान से जोडने की अपील की। इस अवसर पर प्रधानाचार्य चंद्रशेखर जोशी समेत एनसीसी प्रभारी अर्जुन सिंह तथा स्काउट मास्टर भूपाल सिंह मेहता ने अपने विचार रखें। इस मौके पर विद्यालय के परीक्षा प्रभारी राजेंद्र प्रसाद, रेखा पलड़िया, दीप्ति निखुर्पा, विनीता लोहनी,के एन कर्नाटक, सीमा व अन्य समस्त अध्यापकों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में कक्षा 10 से लेकर 12वीं तक के 500 छात्रों ने प्रतिभा किया और यह प्रण किया कि आज से हम कभी भी किसी भी प्रकार का नशा नहीं करेंगे और समाज में यह संदेश देंगे की कोई भी नशे के प्रति संलग्न न रहे।

## विज्ञान शिक्षा विषय बॉल पॉइंट पेन और फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

**आयोजन**

● भारतीय मानक ब्यूरो की कार्य प्रणाली को विस्तार से बताया

केन्द्रीय विद्यालय भीमताल में भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा मानकों द्वारा विज्ञान शिक्षा विषय बॉल पॉइंट पेन और फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

केन्द्रीय विद्यालय भीमताल में भारतीय मानक ब्यूरों देहरादून द्वारा बी0आई0एस0 स्टैंण्डर्ड कलब के विद्यार्थियों के लिये मानकों द्वारा विज्ञान शिक्षा विषय बॉल पॉइंट पेन और फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बी0आई0एस0 के संसाधक दीपक कुमार पांडे द्वारा भारतीय मानक ब्यूरो की कार्य प्रणाली के विषय में विस्तार से बताया गया। विद्यार्थियों ने उपभोक्ता सुरक्षा और उत्पाद उत्कृष्टता सुनिश्चित करने में गुणवत्ता नियंत्रण और मानकों के कार्यान्वयन के महत्व की गहरी समझ हासिल की। मानकों द्वारा विज्ञान शिक्षा प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार के रुप में0 1 हजार रुपये नमन बिष्ट ने जीता जबकि 750 रुपए का दूसरा पुरस्कार पार्थ ने जीता। इसके अलावा सानिया आर्या व अर्श ने पांच रुपए तृतीय पुरस्कार के रुप में जीते वहीं हिंतेंद्र कुमार को 250 रुपए का चौथा पुरस्कार दिया गया। कार्यक्रम का संचालन कविता रानी ने किया। इस मौके पर कालेज के सभी गुरुजन व छात्र-छात्राएं मौजूद रही।

# अभिमत



## कहां जायें बेचारे?

*जंगल में सड़क बनाकर तेज गति से वाहन दौड़ाये जा रहे हैं। जंगल वन्यजीवों का घर है। किसी के घर में घुसपैठ होने पर स्वाभाविक रूप से वह विरोध करेगा। मानवीय हस्तक्षेप बर्दाश्त नहीं कर पाने पर वन्यजीव हिंसक हो जाते हैं। जंगल से निकल कर आबादी वाले इलाके में आते हैं। मानव और पालतू पशुओं पर हमला करते हैं। नरभक्षी बताकर मार दिया जाता है, लेकिन मानव अपना दोष स्वीकार नहीं करता है। कुमाऊं के सबसे बड़े महानगर हल्द्वानी में वन्यजीवों के आबादी क्षेत्र में आने की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं।*

जंगल में वन्यजीव स्वच्छंद विचरण करते हैं। वनभूमि पर अतिक्रमण किया जा रहा है। पेड़ काटकर होटल, रेस्टोरेंट, रिसॉर्ट्स, व्यावसायिक प्रतिष्ठान तथा आवासीय कालोनियां बनाई जा रही हैं। जंगल में सड़क बनाकर तेज गति से वाहन दौड़ाये जा रहे हैं। जंगल वन्यजीवों का घर है। किसी के घर में घुसपैठ होने पर स्वाभाविक रूप से वह विरोध करेगा। मानवीय हस्तक्षेप बर्दाश्त नहीं कर पाने पर वन्यजीव हिंसक हो जाते हैं। जंगल से निकल कर आबादी वाले इलाके में आते हैं। मानव और पालतू पशुओं पर हमला करते हैं। नरभक्षी बताकर मार दिया जाता है, लेकिन मानव अपना दोष स्वीकार नहीं करता है। कुमाऊं के सबसे बड़े महानगर हल्द्वानी में वन्यजीवों के आबादी क्षेत्र में आने की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। घनी बस्ती निलियम कालोनी में दोपहर में सांभर दिखने पर लोगों में हड़कम्प मच गया। वन विभाग को फोन पर सूचना दी गई। वन विभाग की टीम पहुंचने से पहले वह झाड़ी में छिप गया। शोर सुनकर वह भागा और रामपुर रोड के होटल परिसर में वाहन के पीछे छिपकर बैठ गया। वन विभाग की टीम ने ट्रेंक्यूलाइज करके बेहोश किया। रेस्क्यू करने पर पता चला कि सांभर घायल था। इससे पहले बाघ के शावक और हाथी हल्द्वानी महानगर की कालोनियों में भटक कर आ चुके हैं। टांडा के जंगल में हल्द्वानी से रुद्रपुर वाली सड़क पर कई बार वन्यजीव वाहनों से टकराकर घायल हो चुके हैं। लालकुआं के निकट रेलवे ट्रैक पर हाथी ट्रेन से टकराकर मर चुके हैं। जंगल में ट्रेन और सड़क पर चलने वाले वाहनों की गति तेज नहीं होनी चाहिए। सीमित गति वाले वाहनों से वन्यजीव सुरक्षित रह सकते हैं। पर्वतीय क्षेत्र में वन्यजीवों द्वारा हमले से अनेक लोगों की मौत हो चुकी है। तल्ला सल्ट में भालू ने हमला करके तीन महिलाओं को घायल कर दिया। पर्वतीय क्षेत्र में पशुओं के लिए चारा लेने जंगल में जाना पड़ता है, इस दौरान वन्यजीव हमला कर देते हैं। तराई में वन क्षेत्र सीमित है। ग्रामीण क्षेत्र भी शहर की तरह विकसित हैं। तराई में वन्यजीवों के हमले कम होते हैं। पर्वतीय क्षेत्र का अधिकांश हिस्सा जंगल है। जिला मुख्यालयों के आसपास भी जंगल होने से वन्यजीव आबादी क्षेत्र में अक्सर आ जाते हैं और खतरा बना रहता है। ग्रामीण क्षेत्र में सूरज ढलते ही घर से निकलना सुरक्षित नहीं होता है। दिन में ही घर के आंगन से बच्चों को बाघ उठा ले जाता है। पालतू पशुओं पर हमला आम बात है।

# नवनिर्वाचित पार्षदों को सिखाए गए सुशासन के गुर

### नगर निगम के पार्षदों के लिए दो दिवसीय ओरिएंटेशन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

रुद्रपुर
हमारे संवाददाता



राज्य नगरीय विकास संस्थान की ओर से नगर निगम के नवनिर्वाचित पार्षदों के लिए दो दिवसीय ओरिएंटेशन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन ग्राम्य विकास संस्थान के सभागार में किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पार्षदों को उनके अधिकारों, कर्तव्यों, नगर निगम की कार्यप्रणाली और वित्तीय प्रबंधन से अवगत कराना है, ताकि वे अपने क्षेत्र में सुशासन को प्रभावी रूप से लागू कर सकें। प्रशिक्षण कार्यक्रम के पहले दिन प्रशिक्षक नीरज जोशी ने पार्षदों को नगर निगम अधिनियम, पार्षदों की भूमिका,कर्तव्य और अधिकारों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पार्षदों को जनता की समस्याओं के समाधान में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए और नगर निगम की योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू कराने में सहयोग करना चाहिए। प्रशिक्षक जेसी जोशी ने नगर निगम के वित्तीय प्रबंधन, बजट निर्माण, टैक्स कलेक्शन, और लेखा प्रणाली पर प्रकाश डालते हुए पार्षदों को बताया कि निगम का बजट केवल एक दस्तावेज नहीं बल्कि विकास का रोडमैप होता है। उन्होंने पारदर्शिता और वित्तीय अनुशासन के महत्व को भी रेखांकित किया। कार्यक्रम में पार्षदों को महापौर के अधिकारों के बारे में भी बताया गया। साथ ही नगर निगम नियमावली की जानकारी देते हुए यह बताया कि हर वर्ष कम से कम छह अधिवेशन आयोजित किए जाने अनिवार्य हैं और प्रत्येक अधिवेशन की सूचना सभी पार्षदों को बैठक के 72 घंटे पूर्व दी जानी चाहिए। कार्यक्रम निदेशक मनोज पाण्डेय, प्रशिक्षण प्रबंधक आशा जोशी, उप नगर आयुक्त शिप्रा जोशी पाण्डे की मौजूदगी में आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में पार्षदों के व्यावहारिक सत्र भी आयोजित किए गए। जिनमें उन्हें समस्याओं की पहचान, समाधान की प्रक्रिया, योजना निर्माण, जन सहभागिता और शहरी विकास के विविध पहलुओं से रूबरू कराया गया। इस दौरान पार्षद पवन राणा, इन्द्रजीत सिंह, चिराग कालरा, जितेश कुमार, प्रमोद शर्मा, सुशील चौहान, शुभम दास, शिव कुमार गंगवार, प्रियंका गुप्ता, सुशील मण्डल, गिरीश पाल,जगदीप भाटिया, सरो राय सहित सभी वार्डो के पार्षद मौजूद रहे।

## नेहा कुरैशी की हत्या के विरोध में शोकसभा आयोजित की गई

**हल्द्वानी ।** भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष फारूक अंसारी के निवास पर उत्तराखंड की बेटी सना उर्फ नेहा कुरैशी की हत्या के विरोध में शोकसभा आयोजित की गई।

सभा में कार्यकर्ताओं और स्थानीय जनता ने मृतका को श्रद्धांजलि अर्पित की और दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की। वक्ताओं ने आरोप लगाया कि मुकदमा संख्या 0147, थाना कांठ, मुरादाबाद में दर्ज सात नामजद आरोपियों में से केवल एक ही गिरफ्तार हुआ है, जबकि शेष की गिरफ्तारी में टालमटोल की जा रही है। जांच अधिकारी पर भी निष्पक्षता में लापरवाही और अभियुक्तों को बचाने के आरोप लगे।

सभा में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से आग्रह किया गया कि वे उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से हस्तक्षेप कराएं। इस दौरान उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को संबोधित ज्ञापन भी कार्यकर्ताओं ने जिला उपाध्यक्ष को सौंपा।

# गदरपुर पुलिस ने नशे के दो सौदागरों को दबोचा

रुद्रपुर
हमारे संवाददाता




जनपद के थाना गदरपुर पुलिस ने चैकिंग के दौरान बाईक सवार दो युवकों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से भारी मात्रा में हेरोइन बरामद की।

पुलिस ने दोनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर जेल भेजने की कार्रवाई कर रही। जनपद में आगामी त्रिस्तरीय निर्वाचन के दृष्टिहत नशे के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत एसपी काशीपुर अभय सिंह के निर्देश में थानाध्यक्ष गदरपुर के नेतृत्व में पुलिस टीम गुरुवार सुबह क्षेत्र में शान्ति व्यवस्था, रोकथाम को चैकिंग कर रही। पुलिस चौकी महतोष क्षेत्र सूरजपुर चीनी मिल रोड पर पहुंची तो बाईक पर सवार दो पुलिस को देख भागने लगे। पुलिस ने बाईक पर सवार दोनों को घेराबंदी कर दबोच लिया। पुलिस पूछताछ में दोनों ने अपना नाम सूरज सिंह पुत्र कपूर सिंह निवासी केला बनवाली बनाखेडा थाना बाजुपुर और अमित कश्यप पुत्र मोहन लाल निवासी बेवक्ता थाना मिलकखानम जनपद रामपुर यूपी बताया। पुलिस ने दोनों के पास से भारी मात्रा में हेरोइन बरामद की। इसके अलावा तराजू भी बरामद की।

**घटना**
- 26.91 ग्राम अवैध हेरोइन बरामद, घटना में प्रयुक्त बाईक सीज

पुलिस ने दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया और बाईक सीज कर दी। पुलिस दोनों को जेल भेजने की कार्रवाई कर रही है। इधर थानाध्यक्ष जसवीर सिंह ने बताया कि दोनों तस्कर हेरोइन की सप्लाई करने आ रहे थे। किसके पास जा रहे थे, पुलिस जांच कर रही है।

पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक जसवीर चौहान,एसआई नीमा बोहरा,एसआई कुन्दन सिंह, कुन्दन सिंह रहे।

# फिल्मी दुनिया

## एक्ट्रेस ने प्रियंका की फिल्म 'हेड्स ऑफ स्टेट' को सराहा



*इन दिनों प्रियंका चोपड़ा की हॉलीवुड फिल्म 'हेड्स ऑफ स्टेट' चर्चा में है। फिल्म में वह जॉन सीना पॉपुलर हॉलीवुड एक्टर के साथ नजर आ रही हैं। हाल ही में इस फिल्म की एक एक्ट्रेस ने जमकर तारीफ की, वह प्रियंका चोपड़ा की आने वाली साउथ फिल्म के को-एक्टर की पत्नी भी हैं। प्रियंका चोपड़ा की हॉलीवुड फिल्म 'हेड्स ऑफ स्टेट' की तारीफ उनके कई बॉलीवुड को-एक्टर्स भी कर रहे हैं। हाल ही में साउथ के पॉपुलर एक्टर महेश बाबू की पत्नी और एक्ट्रेस नम्रता शिरोडकर ने प्रियंका की हॉलीवुड फिल्म को लेकर एक सोशल मीडिया पोस्ट की है। नम्रता की पोस्ट पर प्रियंका चोपड़ा ने भी रिएक्शन दिया है। नम्रता शिरोडकर ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट साझा की है। पोस्ट में नम्रता ने लिखा है, 'आप फिल्म में बहुत अमेजिंग थीं प्रियंका चोपड़ा। आपने धमाल मचा दिया। मुझे फिल्म 'हेड्स ऑफ स्टेट्स' बहुत पसंद आई।' नम्रता की इस पोस्ट पर प्रियंका चोपड़ा ने भी रिएक्ट किया, उनकी पोस्ट को अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर लगाया। साथ ही नम्रता के लिए एक मैसेज भी लिखा, 'शुक्रिया क्वीन, नम्रता शिरोडकर। बताते चलें कि प्रियंका चोपड़ा, नम्रता शिरोडकर के पति और एक्टर महेश बाबू के साथ एक साउथ फिल्म 'SSMB29' कर रही हैं। इस मेगा बजट फिल्म 'SSMB29' में प्रियंका चोपड़ा लीड रोल में हैं। फिल्म को एस.एस. राजामौली निर्देशित कर रहे हैं। पिछले दिनों इस फिल्म की शूटिंग के लिए प्रियंका भारत भी आई थी।*

### हिंदी फिल्मों में वापसी को लेकर दिया हिंट

*फिल्म की शूटिंग से जुड़ी जानकारी प्रियंका ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर की थी। पिछले दिनों प्रियंका ने हिंदी फिल्मों में वापसी को लेकर एक इशारा किया। हॉलीवुड फिल्म 'हेड्स ऑफ स्टेट' के प्रमोशन के दौरान इंडिया टुडे से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा, 'मैं हिंदी फिल्मों को बहुत मिस करती हूं और इंडिया को भी।' इस बयान के बाद प्रियंका के भारतीय फैंस को उम्मीद जगी है।*

# अपर जिलाधिकारी पंचायत चुनाव नामांकन प्रक्रिया का किया निरीक्षण

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता




अपर जिलाधिकारी, विवेक राय, ने ब्लॉक मुख्यालय हल्द्वानी पहुंचकर त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के अंतर्गत नामांकन प्रक्रिया का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि हल्द्वानी ब्लॉक में 60 ग्राम पंचायत, 39 क्षेत्र पंचायत सदस्य एवं 4 जिला पंचायत सदस्य पदों के लिए नामांकन की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। उन्होंने कहा कि जनपद के सभी ब्लॉकों में नोडल अधिकारी नामित किए गए हैं, जो लगातार चुनाव प्रक्रिया की निगरानी कर रहे हैं। उप जिलाधिकारियों द्वारा भी व्यवस्था की मॉनिटरिंग की जा रही है ताकि निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान सुनिश्चित किया जा सके। किसी भी समस्या की स्थिति में नोडल अधिकारियों द्वारा त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जा रहा है।

अपर जिलाधिकारी ने बताया कि नामांकन प्रक्रिया को लेकर आमजन में उत्साह देखा जा रहा है और लोग सक्रिय रूप से भाग ले रहे हैं। आज हल्द्वानी ब्लॉक में दो ग्राम प्रधान एवं दो बीडीसी सदस्य पदों के लिए नामांकन प्राप्त हुए हैं उन्होंने बताया कि त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों के लिए तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। संभावित भूस्खलन अथवा सड़क मार्ग अवरोध वाले क्षेत्रों में जेसीबी मशीनों एवं इंजीनियरों की 24 घंटे की तैनाती कर दी गई है। साथ ही, मतदान प्रतिशत बढ़ाने हेतु जनजागरूकता अभियान भी चलाए जा रहे हैं निरीक्षण के दौरान बीडीओ तनवीर असगर, नोडल अधिकारीगण एवं संबंधित कार्मिक उपस्थित रहे।

News कॉर्नर

## जब जब धर्म की हानि, भगवान लेते है अवतार




**हल्द्वानी।** हिमालय स्वराज सेवा ट्र्स्ट द्वारा कामलुवागंजा त्रिमूर्ति मन्दिर के पास आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के तृतीय दिवस पर कथा व्यास योगेंद्र जोशी शास्त्री ने कहा कि जब जब धर्म की हानि होती है तब तब भगवान स्वयं विभिन्न रूपों में अवतार लेते है। श्रीमद्भागवत कथा ही मोक्ष प्राप्त करने का इस कलयुग में एक मात्र साधन है,जिसका मन निर्मल हो जाता है वो मुझे कहीं भी प्राप्त हो जाता है। जो मानव छल कपट करता है वो मुझे चाह कर भी प्राप्त नहीं कर सकता। प्रात: सर्वदेव पूजन हुआ, जिसमें स्थानीय लोगों द्वारा सामुहिक रूप से किया, पूजन कार्य पंडित संतोष जोशी,राकेश पांडे के द्वारा सम्पन्न करायी गयी, संस्था की ओर से ममता रूवाली, हेम पंत, प्रकाश जोशी, पारस रूवाली, तन्मय गुणवंत सहित ट्रस्ट के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## ट्रक ने बिजली के खम्भे को मारी टक्कर, मुकदमा

**हल्द्वानी।** एक ट्रक ने पहले मुखानी थानाक्षेत्र में बिजली के पोल और ट्रांसफार्मर को टक्कर मारकर ध्वस्त कर दिया था। मामले में अब अवर अभियंता ऊर्जा निगम की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। जेई रजनीश कुमार ने तहरीर देकर कहा कि 15 जून को सुबह सात बजे तेज रफ्तार एक ट्रक ने भट्ट कॉलोनी फेज-1 लालडांठ रोड में बिजली के पोल और ट्रांसफॉर्मर को टक्कर मार दी। जेई का कहना है कि इससे विभाग को लगभग छह लाख की आर्थिक हानि हुई है। एसओ मुखानी दिनेश जोशी ने बताया कि अज्ञात पर मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

# मुख्यमंत्री धामी ने बंगाली समाज को दी विशेष सौगात

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता



विधायक शिव अरोरा ने अपने कार्यालय पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए बताया कि प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से उनकी देहरादून मे हुई मुलाक़ात के दौरान मुख्यमंत्री को लिखित पत्र देकर बंगाली समाज की दो महत्वपूर्ण मांगो को रखा था। विधायक ने सीएम को दिए पत्र में कहा था कि तराई के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले बंगाली समाज जो बंगलादेश विभाजन के समय बंगाली संस्कृति से समझौता न करते हुऐ उन इस्लामिक कट्टरपंथियों के आगे ना झुकते हुए, धर्म की रक्षा करते हुऐ भारत मे शराणार्थी होने को मजबूर हुए थे। उत्तराखंड के तराई व आस पास के क्षेत्र में आ कर बस गये। बंगाली समाज के लोग जो जिला ऊधम सिंह नगर व इसके आस पास के क्षेत्र में काफ़ी बड़ी संख्या मे निवास करते है, लेकिन उनके बच्चे जो शिक्षा में मेधावी होनहार है,किन्तु आर्थिक समस्या के चलते आगे अच्छी शिक्षा से वँचित रह जाते है। विधायक शिव अरोरा ने बताया कि उनके निवेदन पर मुख्यमंत्री ने हरिचाँद गुरुचाँद स्मृति छात्रवृति कोष स्थापना को मंजूरी के निर्देश देकर बंगाली समाज के लोगो को विशेष सौगात दी है। विधायक ने बताया कि इसके लिए कमेटी गठित की गई है। कमेटी में जिला अधिकारी अध्यक्ष, सीडीओ, मुख्य कोषाधिकारी और बंगाली समाज से एक उपाध्यक्ष,दो सदस्य सहित रहेंगे। विधायक ने कहा कि निश्चित रूप से बंगाली समाज की यह बहुत लम्बे समय से चली आ रही मांग जो सीएम ने स्वीकृति प्रदान की है। जिसका लाभ अब बंगाली समाज के मेधावी छात्र छात्राओं को उच्च शिक्षा में लाभ मिलेगा।विधायक ने कहा कि एक पत्र और सीएम को दिया गया था। बंगाली समाज के मान को बढ़ाते हुऐ बंगाली समाज के निवास प्रमाण पत्र में पूर्वी पाकिस्तान शब्द को हटाने, विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस कार्यक्रम के माध्यम से बंगाली समाज के लोगों को सम्मानित करने व बंगाली संस्कृति पर आधारित जिला स्तर पर बंग भवन बनाने घोषणा की थी। जल्द भूमि चयन कर कार्य आरम्भ होगा। उन्होंने कहा कि बंगाली भाषा धीरे धीरे विलुप्त होती जा रही है ऐसे में नई शिक्षा नीति 2020 अन्तर्गत मात्र भाषाओं पर विशेष ध्यान दिया गया और बंगाली बाहुली क्षेत्रों में प्राइमरी से लेकर स्नातकोत्तर तक बंग भाषा को पाठ्यक्रम में शामिल करने व शिक्षकों की नियुक्ति कर बंगाली भाषा पढ़ाई जाये।विधायक ने बताया कि सीएम ने सचिव विद्यालयी शिक्षा को कार्यवाही करने के निर्देश दिये है।

मुख्यमंत्री ने बंगाली पाठ्यक्रम को शामिल करने हेतु उचित कार्रवाई के निर्देश दिये है। उम्मीद करते है बंगाली समाज को आने वाले समय में अपने बच्चों को बंगाली भाषा को पढ़ाने का अवसर मिलेगा। जिससे बंगाली समाज के बच्चे अपनी भाषा संस्कृति से जुड़े रहेंगे ओर उनको अपनी भाषा का ज्ञान होगा। विधायक ने बंगाली समाज की इन दोनों महत्वपूर्ण मांगो के लिये सीएम का आभार जताया। इस दौरान पूर्व मंडी चेयरमेन के के दास, बंगाली सभा अध्यक्ष राजकुमार साह, तरुण दत्ता, शिव कुमार राय, गोविन्द राय, मयंक कक्कड़ आदि मौजूद रहे।

# व्यापारियों को टैक्स जमा करने को दबाव बनाया जा रहा: व्यापार मण्डल



हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल जिलाध्यक्ष विपिन गुप्ता एवं ग्रामीण इकाई के महामंत्री पवन वर्मा के नेतृत्व में आज ग्रामीण इकाई के व्यापारियों के साथ सिटी मजिस्ट्रेट से मिलकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से कहा कि जब 2018 में नगर निगम क्षेत्र का विस्तार करते हुए ग्रामीण छेत्र को जोड़ा गया था तब स्थानीय लोगों से 10 वर्ष तक कोई टैक्स नहीं लेने का आदेश उत्तराखंड सरकार द्वारा दिया गया था, लेकिन वर्तमान में नया आदेश जारी कर उसमें से व्यापारियों के प्रतिष्ठानों को अलग दिखाकर व्यापारियों को टैक्स जमा करने के लिए दबाव बनाया जा रहा है। जबकि व्यापारियों की व्यापारिक स्थिति कॅरोना काल के बाद से लेकर अब तक ठीक नहीं हो पाई है, और बाकी ऑनलाइन व्यापार में बेतहाशा वृद्धि लोकल व्यापारियों की कमर तोड़ रही है,ऐसे में व्यापार 2028 तक टैक्स मुक्ति से राहत में था लेकिन नगर निगम द्वारा 2025 से ही टैक्स लिये जाने से व्यापारी वर्ग आहत है और आपकी ओर आशा की किरण देख रहा है। उन्होंने मुख्यमंत्री से अनुरोध किया कि उक्त आदेश को रोकते हुए व्यापारियों से भी हॉउस टैक्स की तरह ही 2028 से भवन कर लेना सुनिश्चित करे।

# डिफेंस एकेडमी संचालक पर पर 2.50 लाख रुपये ठगी का आरोप

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

चाय की दुकान चलाने वाले व्यक्ति ने अपने दो बच्चों का स्कूल से नाम कटाकर नैनीताल रोड स्थित एक डिफेंस एकेडमी में एडमिशन करा दिया। एक साल बीतने पर न तो बच्चों का रिजल्ट आया और न अब टीसी मिल रही है। दुकानदार ने डिफेंस एकेडमी संचालक पर पढ़ाई के नाम पर 2.50 लाख रुपये की ठगी करने का आरोप लगाते हुए पुलिस ने न्याय की गुहार लगाई है।

लालडांठ बिठौरिया नंबर एक निवासी पंकज गिरी गोस्वामी ने पुलिस को बताया कि उनके दो बेटे हैं। बड़ा बेटा भाष्कर गिरी कुसुमखेड़ा स्थित एक स्कूल में 10वीं का छात्र था और छोटा बेटा प्रतीक गिरी सातवीं का छात्र। उनका कहना है कि वह खुद चाय की दुकान चलाते हैं। इसी से बच्चों की पढ़ाई और घर का खर्च चलता है। एक साल पहले उन्हें पता चला कि नैनीताल रोड स्थित दुर्गा सिटी सेंटर में एक डिफेंस एकेडमी चल रही है। जहां पर बच्चों को स्कूली शिक्षा के संग आर्मी में जाने की ट्रेनिंग दी जाती है। एकेडमी संचालक से संपर्क किया तो उसने बड़े बेटे का 11वीं व छोटे बेटे का आठवीं में एडमिशन कराने की बात कही। इसके नाम पर 2.50 लाख रुपये जमा करवा लिए। एडमिशन के दौरान संचालक ने बताया कि उनका निजी स्कूलों से टायअप है। जहां पर परीक्षाएं कराते हैं। आरोप है कि एक साल बाद जब वह एकेडमी में बच्चों का रिजल्ट लेने पहुंचे तो रिजल्ट नहीं दिया गया। न ही टीसी दी जा रही है। जिससे यह पता नहीं चल पा रहा है कि बच्चे पास हुए हैं या नहीं।उन्होंने एकेडमी संचालक पर फीस लेकर बच्चों का भविष्य बर्बाद करने का आरोप लगाया है। इस मामले की शिकायत के लिए वह पिछले दो महीने से कोतवाली व चौकी के चक्कर लगा रहे हैं, मगर न्याय नहीं मिल रहा। अब सीओ ने इंसाफ की गुहार लगाई है। सीओ नितिन लोहनी का कहना है कि इस मामले की जांच की जा रही है। एकेडमी संचालक को बुलाकर पूछताछ की जाएगी। गड़बड़ी मिली तो कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# आचार संहिता उल्लंघन में एक महिला समेत चार के खिलाफ कार्रवाई की

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

थाना ट्रांजिट कैंप क्षेत्र में आपस में झगड़ा कर शांति व्यवस्था भंग करने में पुलिस ने एक महिला समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने चारों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की।

पुलिस के मुताबिक क्षेत्राधिकारी रुद्रपुर के दिशा-निर्देशन मे प्रभारी निरीक्षक के नेतृत्व मे थाना ट्रांजिट कैंप पुलिस त्रिरतरीय पंचायत निवार्चन के दृष्टिगत शान्ति व्यवस्था को क्षेत्र में घूम रहे। इसी बीच पुलिस को सूचना मिली कि विवेक नगर में दंपति घर में झगड़ा कर रहे। सूचना पर एसआई मोहम्मद अकरम टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने दंपति को हिरासत में लिया और थाने ले जाया गया। एसएसआई महेश कांडपाल ने बताया कि दंपति के खिलाफ शांति भंग के आरोप में कार्रवाई की गई। गिरफ्तार किए गए कान्ता प्रसाद पुत्र डोरी लाल निवासी विवेकनगर वार्ड 9 थाना ट्रांजिट कंप और उसकी पत्नी सुखदेई। इसके अलावा दलवीर राठौर पुत्र विरेन्द्र राठौर निवासी कृष्णा कलोनी ट्रांजिट कैंप और इन्द्रपाल राठौर पुत्र विरेन्द्र राठौर है। उन्होंने बताया कि सभी एक दूसरे से रंजीश रखते है।

आगामी त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निवार्चन 2025 के चलते आदर्श आचार संहीता का उल्घन में कार्रवाई की गई। गिरफ्तार करने वाले पुलिस अधिकारी एसआई अकरम अहमद, एएसआई नम्रता रावत,गंगा बिष्ट,धर्मेन्द्र कुमार, संजय भट्ट आदि शामिल रहे।

## 362 वें दिन भी जारी रहा पौधरोपण आंदोलन

**नैनीताल ।** संयुक्त कर्मचारी महासंघ कुमाऊं गढ़वाल मंडल विकास निगम के प्रांतीय आवाहन पर नियमितीकरण नियमावली कट ऑफ डेट 2025 को लेकर जारी किया जा रहा राज्य में अनूठा पौधरोपण आंदोलन 362 वें दिन भी जारी रहा। महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश गुरुरानी के नेतृत्व में पर्यटकों को कार्यक्रम से जोडने् के तहत स्लोगन देवभूमि में पर्यटक बनकर आईए-पौधारोपण कर पर्यावरण मित्र बनकर जाइए के तहत उनके नेतृत्व में नित्य की तरह गुरना देवी मंदिर परिसर स्थित गुरना वाटिका में विभिन्न प्रजाति के पौधों का रोपण किया गया।

# पुजारी हेमन्त भट्ट को महामण्डेलेश्वर की पद्वी से विभूषित किया

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता



उज्जैन महाकाल की नगरी में अंतर्राष्ट्रीय सप्तऋषि अखाड़ा परिषद के सन्त समागम सम्मेलन में उत्तराखण्ड देवभूमि जागेश्वर से द्वाद्वश ज्योर्तिलिंग धाम के मुख्य पुजारी हेमन्त भट्ट को अन्तराष्ट्रीय सप्तऋषि अखाड़ा परिषद के संस्थापक सच्चिदानंद बालप्रभु महाराज एवं जगदगुरू अवधेश प्रपन्नाचार्य व अध्यक्ष अंतर्राष्ट्रीय सत्र से अखाड़ा परिषद ऋषि हर मनोज दास गुरूजी के पावन सानिध्य में मुख्य पुजारी हेमन्त भट्ट का पूर्ण विधि विधान से पट्टाभिषेक कर महामण्डेलेश्वर की पद्वी से विभूषित किया गया। सप्तऋषि अखाडे के नई कार्यकारिणी में अंतर्राष्ट्रीय महामन्त्री के पद में नियुक्त किया गया एंव नवनिर्मित कार्यकारिणी में उत्तराखण्ड जागेश्वर से कृष्ण चन्द्र काण्डपाल को अंतराष्ट्रीय सप्तऋषि अखाडे का राष्ट्रीय प्रवक्ता का दायित्व दिया गया है ।

श्री श्री 1008 कैलाशानंद महाराज के उत्तराखण्ड आगमन पर स्वागत समारोह में उपस्थित भक्तों ने महामण्डेलेश्वर श्री श्री 1008 कैलाशानंद महाराज का फूलमालाओं एंव शॉल उडाकर स्वागत किया गया ।

## भाजपा ने खोले जिला पंचायत पर अपने पत्ते

**हल्द्वानी।** भाजपा ने लंबी वार्ताओ के बाद प्रदेश नेतृत्व की संस्तुति पर नैनीताल जिले की 20 सीटों पर अपने अधिकृत प्रत्यासी घोषित कर दिये। जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट के सूची जारी करते ही पंचायत की राजनीति में गर्माहट बढ़ गई है। निवर्तमान जिला पंचायत अध्यक्ष बेला तोलिया को पार्टी ने रामड़ी आनसिंह सीट लामाचौड़ से अपना अधिकृत प्रत्याशी घोषित किया है। इस सीट पर भाजपा के अन्य कद्दावर नेता भी अभी तक चुनाव मैदान में है। निवर्तमान जिला पंचायत उपाध्यक्ष आनंद सिंह दरमवाल की पत्नी दीपा दर्मवाल को अधिकृत किया है। भाजपा ने मल्ला ओखलकंडा से हेम सुयाल, ढोली गांव से बहादुर सिंह नदगली, दिनी तल्ली जीवन बर्गली, सरना रेखा देवी, गहना ज्योति आर्य, दाढ़ीमा गीता सुयाल, चौखुटा गौरव बिष्ट, सिमलखा आनंद जलाल, सावलदे पश्चिम दीप चंद्र, मालधन चौड़ अनीता आर्य, तलिया खुशहाल बिष्ट, गुलजारपुर बंकी आरती टम्टा, चोरगालिया अनीता बेलवाल, जंगलिया गाँव अनिल, मेहरागांव अम्बादत्त आर्य, ज्योलिकोट आशा गिरि, अमृतपुर भावना रजवार, भवाली गाँव रोहित आर्या को अपना अधिकृत प्रत्याशी घोषित किया है।

# मोहर्रम को लेकर कोतवाली में अहम शांति समिति की बैठक आयोजित

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता



आगामी मोहर्रम को लेकर कोतवाली परिसर में एक अहम शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कोतवाल मनोज रतूड़ी ने की, जिसमें नगर निगम, पुलिस प्रशासन और विभिन्न क्षेत्रें से आए जनप्रतिनिधियों व समुदाय के प्रबुद्ध नागरिकों ने भाग लिया।

बैठक का मुख्य उद्देश्य मोहर्रम के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखना और परंपरागत अनुशासन को सुनिश्चित करना था। कोतवाल मनोज रतूड़ी ने स्पष्ट कहा कि मोहर्रम का जुलूस पुराने निर्धारित मार्गों से ही निकाला जाएगा। किसी भी तरह की नई परंपरा या नया मार्ग अपनाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। उन्होंने जुलूस आयोजकों से अपील की कि जुलूस की लंबाई अत्यधिक न हो और कार्यक्रम समयबद्ध ढंग से संपन्न किया जाए ताकि आम जनजीवन प्रभावित न हो। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि जुलूस के दौरान किसी प्रकार की उत्तेजक नारेबाजी, अशांति फैलाने वाले व्यवहार या असामाजिक तत्वों की गतिविधियों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। रतूड़ी ने सभी से सौहार्दपूर्ण वातावरण में पर्व मनाने की अपील करते हुए कहा कि पुलिस प्रशासन की ओर से पूर्ण सहयोग किया जाएगा, लेकिन कानून-व्यवस्था के उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। मोहर्रम जैसे पर्व पर आपसी सौहार्द और सामाजिक समरसता को बनाए रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। पुलिस प्रशासन जनता की सुरक्षा और सुविधा के लिए हर संभव उपाय करेगा। बैठक में नगर के खेड़ा, पहाड़गंज, भूतबंगला, भदईपुरा सहित विभिन्न मोहल्लों से आए समाजसेवियों, पूर्व जनप्रतिनिधियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने प्रशासन को भरोसा दिलाया कि मोहर्रम शांतिपूर्ण ढंग से मनाया जाएगा और समुदाय की ओर से हरसंभव सहयोग किया जाएगा। बैठक में नायब तहसीलदार देवेन्द्र सिंह श,एसएसआई नवीन बुधानी, एसआई प्रियांशु जोशी, एसआई मोहन चंद्र जोशी सहित पूर्व पार्षद नूर अहमद, मुराद अली, नाजिम, सलीम, सादिक रजा, यासीन, भूरा, मुनव्वर हुसैन, इशाक नवी, अब्दुल, मोहम्मद वाजिद, नबी अहमद, परवेज, रफीक अहमद, अयूब अंसारी, जाकिर आदि मौजूद रहे।